**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 मंगलवार** **दिनांक 05.08.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **राज्यपाल ने प्रदेश के नागरिकों से हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की—वहीं, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा ने आज से तिरंगा अभियान की शुरूआत की।**

- **महासमुंद जिले में कराए गए सर्वेक्षण में निकल, क्रोमियम और प्लेटिनम जैसे महत्वपूर्ण खनिज मिले हैं।**

- **ईडी ने दवा खरीदी घोटाले में आरोपियों की करीब चालीस करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त की।**

- **बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव किए जाने के विरोध में कांग्रेस सात अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में करेगी विरोध प्रदर्शन।**

## राज्यपाल—हर घर तिरंगा

राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान तथा गर्व के साथ मनाएं। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल झण्डा फहराने की परंपरा नही है, बल्कि हमारी राष्ट्र भक्ति, एकता और गौरव का प्रतीक है। तिरंगे के साथ हमारा जुड़ाव, हमारे संविधान, संप्रभुता और गौरवशाली विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गौरतलब है कि उनयासीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में हर–घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन दो से पंद्रह अगस्त तक किया जा रहा है।

**भाजपा–मोर तिरंगा मोर अभियान**

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से तिरंगा अभियान की शुरूआत कर दी है। इस अभियान को ''मोर तिरंगा मोर अभिमान'' नाम दिया गया है। आज रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में इस अभियान को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी उपस्थित थे।

तिरंगा अभियान के संयोजक नीलू शर्मा ने बताया कि इस बार भाजपा ने प्रदेश के साठ लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही भाजपा चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाएगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि यह अभियान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से प्रेरित होकर आगे बढ़ाया जाएगा।

**नवनिर्मित कर्तव्य पथ–उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना का ही एक

हिस्सा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि कर्तव्य भवन के निर्माण का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को साथ लाकर दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालय और विभाग राजधानी दिल्ली के अलग–अलग क्षेत्रों में स्थित है।

## सूचना प्रसारण राज्यमंत्री

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने कहा है कि आधुनिक, समावेशी और कुशल मीडिया तथा मनोरंजन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सूचना तथा जनसंपर्क सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

इस बीच, सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि भारत में हाल ही में सामग्री निर्माण में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

## मुख्यमंत्री–कौशल विकास विभाग

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने** आज मंत्रालय में आयोजित कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। बैठक में 'कौशल तिहार' के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तर पर दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें बाईस वर्ष से कम और बाईस वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे।

**डीजीएमएल–खोज**

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में महत्वपूर्ण खनिज मिले हैं। मेसर्स डेक्कन गोल्ड माइनिंग लिमिटेड ने इस इलाके में निकल, क्रोमियम और प्लेटिनम समूह के तत्वों की खोज की है। ये खनिज महासमुंद जिले के भालुकोना–जामनीडीह और पीजीई ब्लॉक में मिले हैं। यह इलाका करीब तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

इस क्षेत्र का प्रारंभिक अन्वेषण भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण–जीएसआई ने किया था। इस सर्वेक्षण में इस इलाके में इन खनिजों की उपस्थिति के बारे में पता चला था। इसके बाद विस्तृत सर्वेक्षण के लिए ई–नीलामी की गई, जिसमें डीजीएमएल ने इस कार्य को हासिल किया।

**ईडी–संपत्ति सीज**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने दवा खरीदी घोटाले में मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा और उनके परिवार के सदस्यों की करीब चालीस करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त कर ली है। गौरतलब है कि शशांक चोपड़ा सहित छह अन्य लोग पिछले तीन महीने से जेल बंद हैं। ईडी ने बीते तीस और इकतीस जुलाई को छापेमारी कर शशांक चोपड़ा, उनके परिवार के सदस्यों के अलावा स्वास्थ्य अधिकारियों के कुल बीस ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**सत्यपाल मलिक–निधन**

जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का आज दोपहर दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया है। उनासी वर्षीय श्री मलिक लंबे समय से बीमार थे। श्री मलिक ने गोवा और मेघालय के

राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। उनके निधन पर देश के प्रमुख नेताओं सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी दुख जताया है।

## एम्स रायपुर–प्रयोगशाला

रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स की वायरल अनुसंधान और निदान प्रयोगशाला–वीआरडीएल को पहली बार राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं की प्रत्यायन बोर्ड–एनएबीएल से मान्यता मिल गई है। एनएबीएल ने इस प्रयोगशाला को बारह प्रमुख मानव विषाणु संक्रमणों की पहचान के लिए मान्यता दी है, जिनमें कोविड–नाइंटीन से होने वाला वायरल निमोनिया, स्वाइन फ्लू, इन्फ्लुएंजा–बी, हेपेटाइटिस–बी और सी वायरल लोड, और डेंगू जैसे विषाणु संक्रमण शामिल हैं। इस प्रयोगशाला की स्थापना वर्ष दो हजार अट्ठारह में की गई है।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की जनता को अत्याधुनिक निदान सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## बिजली योजना–कांग्रेस प्रदर्शन

राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस आगामी सात अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में विद्युत मंडल के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। इससे पहले, छह अगस्त को जिला मुख्यालयों में कांग्रेस द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बिजली बिल योजना में बदलाव से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कांग्रेस इस योजना को पहले की तरह लागू करने की मांग कर रही है।

इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन–एनएसयूआई ने आज इस योजना में किए गए संशोधन के विरोध में रायपुर के डंगनिया क्षेत्र में स्थित विद्युत विभाग के मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया।

**<u>अवैध शराब–जब्त</u>**

पंजाब से एक ट्रक में जशपुर के रास्ते बिहार ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप को जशपुर पुलिस ने कल देर रात जब्त किया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम आगडीह के पास एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। पूछताछ के दौरान पुलिस ने ट्रक से साढ़े छह हजार लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद की, जिसकी कीमत पचास लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

**<u>ट्रेन परिचालन</u>**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन बिछाने के कार्य और यार्ड मॉडिफिकेशन के चलते उनतीस अगस्त से पंद्रह सितंबर तक छब्बीस एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, छह ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसके तहत नॉन इंटरलॉकिंग द्वारा रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी रेललाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस मार्ग से चलने वाली टाटानगर–बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस, संतरागाछी–पुणे एक्सप्रेस, कामाख्या–कुर्ला एक्सप्रेस, पटना–बिलासपुर एक्सप्रेस, हावड़ा–मुंबई–हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, इकतीस अगस्त से पंद्रह सितंबर तक रायगढ़–बिलासपुर–रायगढ़ मेमू पैसेंजर भी रद्द रहेगी। इसके अलावा तीस अगस्त से हावड़ा–पुणे दुरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से रायपुर होकर चलेगी।

**पुलिस–मोबाइल फोन**

रायपुर पुलिस ने गुम हुए ढाई सौ मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वापस किए हैं। इनकी कीमत करीब पचास लाख रुपये बताई जाती है। पुलिस ने इन मोबाइल फोन को उत्तरप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार सहित विभिन्न राज्यों से बरामद किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर वे तुरंत **डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीईआईआर डॉट जीओवी डॉट इन** पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

**मौसम**

मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अरुणाचल प्रदेश की ओर चले जाने से प्रदेश में मानसून की गतिविधि में कमी आई है। इसे मानसून ब्रेक कहा जाता है। इसके कारण प्रदेश के कुछ जिलों में गर्मी और उमस महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिर सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

- **बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।**

- **सक्ती जिला पुलिस ने विद्यार्थियों की साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से पंद्रह साइकिल जब्त की है।**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>